डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, बीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 05 – 2083 | भोपाल, दिन बुधवार, दिनांक 06 मई, 2026

न्यूज गैलरी

निगम मुख्यालय का मुख्यमंत्री डॉ. यादव कल करेंगे उद्घाटन

भोपाल। सेकंड नंबर स्टॉप पर बने नगर निगम के नए मुख्यालय भवन का उद्घाटन गुरुवार को किया जाएगा। मुख्यालय भवन में इसके लिए स्टेज भी तैयार हो गया है। सभी तैयारियां कर ली गई हैं। मुख्यमंत्री मोहन यादव भवन का उद्घाटन करेंगे। हालांकि अभी समय तय नहीं हुआ है, लेकिन मुख्यमंत्री ऑफिस से उद्घाटन को हरी झंडी मिल चुकी है। निगम ने इस पर 43 करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च किए हैं। बीते 1 साल से इसके उद्घाटन की तैयारी चल रही थी लेकिन हर बार तारीख बढ़ जाती थी। सभी विभागों की शिफ्टिंग हो चुकी है। अभी निगम के ऑफिस शहर में अलग-अलग 10 इलाकों में लगते हैं।

सेन महाराज का श्रृंगार दर्शन, निगम-मंडल में प्रतिनिधित्व मांगा

भोपाल। भोपाल के सेन महाराज चौक पर साप्ताहिक श्रृंगार दर्शन का 139वां कार्यक्रम आरती और हनुमान चालीसा पाठ के साथ संपन्न हुआ। सेन समाज संयुक्त कल्याण-संगठन के जिलाध्यक्ष शैलेश सोन के अनुसार इस मौके पर मुख्यमंत्री और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से अनुरोध किया गया कि निगम-मंडलों की नियुक्ति में समाज को प्रतिनिधित्व दिया जाए।

चेतना केंद्र में संवेदना संप्रेषण सत्र, जन-जागरण रैली भी निकाली

भोपाल। मानसी सोसायटी के तत्वावधान में पंच महाभियान राग एवं सीधी योजना के तहत कोलार सेलना केंद्र में संवेदना संप्रेषण सत्र हुआ। केंद्र में आगरा से संगठन की योजनाओं पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही सभी लोगों से जन्म शताब्दी वर्ष के संकल्पों से जुड़ने का आह्वान किया गया। इस दौरान संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने का संकल्प लिया। इसके पश्चात क्षेत्र के प्रमुख देवालयों में स्वच्छता, जल एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति श्रद्धालुओं को प्रेरित किया गया। कार्यकर्ताओं ने जन-जागरण के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का संदेश प्रसारित किया। बाद में वाहन रैली के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने मार्ग में समाज को नैतिक, सांस्कृतिक एवं पर्यावरणीय चेतना के संदेश दिए।

बेकाबू स्कूटी लिफ्ट गड्ढे में गिरी, पुलिसकर्मियों ने बचाई युवती की जान

ग्वालियर। के सिटी सेंटर इलाके में स्कूटी बेकाबू होने से युवती एक मंजिला गहरे लिफ्ट गड्ढे में गिर गई। दानाओली निवासी दीप्ति मथुर नगर निगम से लौट रही थी, तभी स्कूटी का एक्सीलेटर अचानक तेज हो गया। संतुलन बिगड़ने से वे पास के खुले लिफ्ट मीटर में जा गिरीं। मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों ने तुरंत रेस्क्यू कर उन्हें सुरक्षित बाहर निकाला। सीएसपी मनीष यादव के अनुसार, हादसे में तकनीकी खामी की आशंका है और मामले की जांच जारी है।

15 मई से खुल सकते हैं तबादले, कैबिनेट में आएगी नई नीति

भोपाल। भोपाल में वर्ष 2026 की तबादला नीति को जल्द कैबिनेट से मंजूरी मिलने की संभावना है। प्रस्ताव लगभग तैयार है और 15 मई से एक माह के लिए तबादले पर लगा प्रतिबंध हटाया जा सकता है। नई नीति में स्कूल शिक्षा विभाग को अलग रखा जाएगा और उसकी अलग पॉलिसी बनेगी।

राजनीतिक हारने के बाद ममता बेनर्जी बोली- मैं आजाद पंछी की तरह हूं और शेर की तरह लड़ती रहूंगी

दीदी की फिर दादागीरी... ,मैं इस्तीफा, नहीं दूंगी, हम हारे नहीं, सीटें लूटी गई

ममता ने कहा कि पहले राउंड की काउंटिंग के बाद ही भाजपाई कहने लगे थे कि भाजपा 195–200 सीटें जीत रही। हम जांच के लिए 5 सांसदों समेत 10 लोगों की एक फैक्ट–फाइंडिंग कमेटी बनाएंगे

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

पश्चिम बंगाल में टीएमसी विधानसभा चुनाव हार गई है। यहां भाजपा को बहुमत मिला है और 9 मई को शपथ भी तय हो गई है। इससे ठीक पहले टीएमसी प्रमुख ममता बेनर्जी ने ऐलान कर दिया है कि वे मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं देंगी। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि मैं चुनाव हारी नहीं हूं, बल्कि साजिश के तहत जबरन हराया गया है। ऐसे में इस्तीफा क्यों दिया जाए। ममता ने कहा भाजपा आसेन असली विलेन है। उसने मतदाता के साथ मिलकर 100 सीटें लूट ली हैं।

अब मेरे पास कोई कुर्सी नहीं है, मैं आजाद पंछी हूं। कहीं से भी चुनाव लड़ सकती हूं, सड़कों पर भी लड़ती रहूंगी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने काउंटिंग सेंटरों पर कब्जा कर लिया था। मेरे साथ बदतमीजी की। उम्मीदवारों और कार्यकर्ताओं के साथ अत्याचार किया। पार्टी और इंडिया गठबंधन के हैं। हम फिर से उन्होंने और तेज की तरह लड़ेंगे। हम चुनाव आयोग के खिलाफ कदम उठाएंगे। क्या करेंगे, वह अभी नहीं बताएंगे। 5 सांसदों समेत 10 लोगों की एक फैक्ट–फाइंडिंग कमेटी बनाई जाएगी। परिणाम बंगाल सहित 5 राज्यों के विधानसभा चुनाव के नतीजे

ममता ने कहा–चुनाव आयोग ही असली विलेन, हम उसे नहीं बख्शेंगे

ममता बेनर्जी अगर इस्तीफा नहीं देती हैं तो भी राज्यपाल के पास पूरा हक है कि वो विधानसभा भंग कर दें।

7 मई को 17वीं बंगाल विधानसभा के कार्यकाल के समाप्त होने के बाद 8 मई को सदन भंग हो जाएगा

ऐसे में सभी विधायकों की सदस्यता स्वतः ही रद्द हो जाएगी। इसके बाद ममता का इस्तीफा अनिवार्य भी नहीं

विधानसभा के कार्यकाल के समाप्त होने के बाद नए मुख्यमंत्री का निर्वाचन जरूरी होता है

उधर, शाह बंगाल तो नड्डा बने असम के पर्यवेक्षक

नई दिल्ली। नई सरकार के गठन के लिए होने वाली विधायक दल की बैठक के लिए गुजराती अमित शाह को पर्यवेक्षक बनाया गया है। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन माझी को आब्जर्वर बनाया गया है। वहीं भाजपा के पूर्व अध्यक्ष जेपी नड्डा को असम के लिए आब्जर्वर बनाया गया है।

बंगाल में 9 मई को शपथ ग्रहण में शामिल होंगे पीएम

पार्टी ने नई सरकार के शपथ ग्रहण के लिए 9 मई की तारीख तय की है। सूत्रों के मुताबिक पीएम नरेंद्र मोदी शामिल हो सकते हैं। असम में शपथ ग्रहण की तारीख तय नहीं है लेकिन 8 या 10 मई को आयोजन।

दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जब तेज रफ्तार कार

ट्रॉले से टकराकर कार में लगी आग, ड्राइवर की मौत पिता-बेटी घायल

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

रातलाम में मंगलवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जब तेज रफ्तार कार पीछे से ट्रॉले में जा घुसी और टक्कर के बाद कार में आग लग गई। हादसा दिल्ली-मुंबई 8 लेन एक्सप्रेस-वे पर बावड़ी गांव के पास करीब 1 बजे हुआ। आग इतनी तेजी से फैली कि कार सात रहे 28 वर्षीय रोहित मुनिया की चिता जलने से मौके पर ही मौत हो गई।

कार में सवार किशना कारोबारी नरेंद्र (48) और उनकी बेटी दिशा (22) गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को तत्काल एम्बुलेंस से मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस के अनुसार, रोहित मुनिया मेघनगर का निवासी था और वहीं कार चला रहा था।

बताया जा रहा है कि दिशा रतलाम में सीए का एग्जाम देने जा रही थी। वह अपने पिता और ड्राइवर के साथ झाबुआ से रतलाम आ रही थी, तभी यह हादसा हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे का कारण माना जा रहा है। सीसीटीवी फुटेज में भी कार ट्रॉले से टकराते हुए दिखाई दी है। पुलिस ने मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, साथ ही वाहन की गति और परिस्थितियों की भी पड़ताल की जा रही है।

वारिस बताकर फर्जी रजिस्ट्री, तीन पर

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

निसरोद थाना क्षेत्र में फर्जी दस्तावेज और पावर पत्र के जरिए करोड़ों की जमीन की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पुलिस ने मनीष राकोरा की शिकायत पर प्रताप सिंह पवार, अनुज सक्सेना और प्रमोद श्रीवास्तव के खिलाफ नामजद मामला दर्ज किया है। शिकायत की जड़ गणेश नगर स्थित एक प्लॉट है, जिसे 1965 में किसानपुत्र अली ने निसार अहमद को दान दिया था और 1993 में इसकी रजिस्ट्री हुई। 2017 में निसार अहमद ने यह जमीन मनीष सक्सेना के नाम गिफ्ट कर दी। शिकायत के ताहरा आरोपी प्रताप सिंह ने नफीस फातिमा नामक महिला के नाम पर कर्जी पावर पत्र बनवाए और उसे निसारपुत्र अली की बेटी बताकर जमीन की फायर ओक अटार्नी खुद के नाम कर ली। बाद में यह प्लॉट अनुज और सिर प्रमोद को बेच दिया गया। पुलिस जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि नफीस फातिमा ने खुद पुलिस को बताया कि किसानपुत्र अली उसके पिता नहीं हैं और न ही यह आरोपियों को जानती है। आरोपियों ने धोखाधड़ी के लिए महिला के फर्जी आधार और वोटर आईडी का सहारा लिया था।

मेट्रो के गड्ढे के पास नहीं थी बेरीकेडिंग, अंधेरे में बुजुर्ग स्कूटर समेत गिरे

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

भोपाल शहर में चल रहे मेट्रो प्रोजेक्ट के तहत कई स्थानों पर खुदाई का काम जारी है। मंगलवार रात इस खुदाई के कारण एक बुजुर्ग हादसे का शिकार हो गए। स्कूटर से जाते वक्त वह बस्तेड़ी के पास मेट्रो के लिए किए गए गड्ढे में गिर गए। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां वह खतरे से बाहर हैं। किसी प्रकार की बेरी बेरीकेडिंग नहीं थी।

जहांगीराबाद टीआई राजेश सिंह अहिरवार के मुताबिक अर्जुन नगर, एमपी नगर निवासी 74 वर्षीय जमील अहमद गौर वाली सड़क से बस्तेड़ी की तरफ जा रहे थे तभी उनकी स्कूटर अनियंत्रित होकर बस्तेड़ी से पहले गहरे गड्ढे में गिर गई, हालांकि उन्हें ज्यादा गंभीर चोट नहीं आई हैं। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा है।

दुबई तक सप्लाई का वन्यजीव खुलासा

भोपाल से संचालित वन्यजीव शिकार गिरोह का भंडाफोड़,

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

भोपाल से जुड़े अवैध वन्यजीव शिकार और मांस तस्करी के बड़े नेटवर्क का वन विभाग ने पर्दाफाश किया है। गुना जिले के बीजासन रेंज में कार्रवाई कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। जांच में सामने आया कि गिरोह हिरण, नीलगाय और सांभर जैसे वन्यजीवों का शिकार कर उनका मांस भोपाल लाता था, जहां से मुंबई, पुणे, पश्चिम बंगाल और दुबई तक सप्लाई किया जाता था। भोपाल इस नेटवर्क का मुख्य ट्रांजिट केंद्र बना हुआ था। तुलसीराम गौर खुलासा हुआ कि गिरोह हर सप्ताह तीन शिकार करता था और सालभर में 200 से अधिक वन्यजीवों का शिकार किया जाता था। पांच वर्षों में यह आंकड़ा 1000 के पार पहुंचने का अनुमान है। वन विभाग के रिटायर्ड रेंजर निसारुद्दीन हासमी की संलिप्तता भी सामने आई है, जो शिकार की जानकारी और लेन-देन में मदद करता था। जांच में यह भी सामने आया कि भोपाल के कुछ होटल संचालकों से गिरोह के सीधे संबंध थे और मांस केवल मरोलेगर डाकघरों को ही बेचा जाता था। कार्रवाई के दौरान एक कार से बन्दूकीय मांस, बंदूक, कारतूस और अन्य हथियार बरामद किए गए हैं। फिलहाल वन विभाग पूरे नेटवर्क की जांच में जुटा है।

जांच कमेटी के गठन से पहले ही क्रूज को ध्वस्त करा दिया

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

बरगी बांध हादसे की जांच शुरू होने से पहले ही क्रूज को कांटकर डिसमेंटल (ध्वस्त) कर दिया गया। जांच कमेटी के निर्देश पर जबलपुर कलेक्टर ने क्रूज और उसके इंजन को मौजूदा हालत में सीज करा दिया है। अब कमेटी हर्षी अवशेषों के आधार पर हादसे की वजह पता लगाएगी।पर्यावरण विशेषज्ञों का दावा है कि क्रूज को जलदाशयी में इसलिए तोड़ा गया, ताकि राजस्वहानि में कमी और सेफ्टी खामियां छिपाई जा सकें। हादसे में बचे लोगों और स्थानीय पर्यटकों ने कहा कि जांच पूरी होने तक क्रूज से छेड़छाड़ नहीं होनी चाहिए थी। पुलिसी और एसीएल और जांच कमेटी के अध्यक्ष कीर्ती गुप्ता ने मार सरकारी दल के साथ मंगलवार को मंडलाना में बैठक कर अधिकारियों को निर्देश दिए। कमेटी ने साफ किया है कि इंजन या अन्य हिस्सों से कोई छेड़छाड़ न हो। विशेषज्ञों की टीम जबलपुर जाकर क्रूज और इंजन की जांच करेगी।

20 साल पहले 80 लाख में खरीदा, 2 साल पहले 38 लाख में रेनोवेट कराया

नर्मदा वर्दीन क्रूज 20 साल पुराना था। पर्यटन विकास निगम ने इसे 2006 में हैदराबाद की बोट मिल्टर्स कंपनी से 80 लाख रु. में खरीदा था। 2024 में 38 लाख रु. में रेनोवेशन कराया गया। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने 17 जून 2022 को बरगी में क्रूज संचालन के लिए अगले 5 साल के लिए कंसेंट टू ऑपरेट (सीटूओ) जारी किया था। हालांकि, 12 सितंबर 2023 को एनओसी ने क्रूज संचालन पर रोक लगाने के आदेश

राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड कमांडो और काउंटर टेररिज्म ग्रुप ने की मॉक ड्रिल

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

राजधानी में मंगलवार को सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता और तैयारियों का बड़ा प्रदर्शन देखने को मिला। सनी कम्पाउंड स्टेशन के पास बंसल वन मिलेनियम में राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड कमांडो और काउंटर टेररिज्म ग्रुप ने हाई-इंटेंसिटी मॉक ड्रिल की। जिसमें आतंकियों के विस्फोटक में घुसने की स्थिति का सफीय अभ्यास किया गया।

ड्रिल के दौरान कमांडो को आतंकवादियों को नेस्तनाबूत करने और बंधकों को सुरक्षित

बाहर निकालने जैसी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों से निपटने का अभ्यास कराया जा रहा है। यह पूरी एक्सरसाइज पिछले एक महीने से चल रही विशेष ट्रेनिंग का हिस्सा है, जिसका

विस्तृत प्रशिक्षण के अंत में आयोजित की जाती है मॉक ड्रिल

एनएसजी ग्रुप कमांडर कर्नल अभिषेक मॉकड्रिल के लिए पहला टार्गेट बंसल वन टावर, दूसरा

किया जा रहा है। मौके पर मध्य प्रदेश पुलिस की बीडीएसडीएस (बम डिस्पोजल एंड डिटेक्शन स्क्वॉड) टीम भी तैनात है। इसके अलावा कई सुरक्षा वाहन, एम्बुलेंस और फायर ब्रिगेड की टीमें को भी अलर्ट मोड पर रखा गया है, ताकि किसी भी आपात स्थिति से तुरंत निपटा जा सके। ड्रिल के दौरान पूरे इलाके को सुरक्षा घेरे में लिया गया है और आम लोगों की आवाजाही सीमित कर दी गई है। बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात कर इलाके की निगरानी की जा रही है। सुरक्षा एजेंसियों का कहना है कि इस तरह की मॉक ड्रिल का मकसद किसी भी आतंकी खतरे की स्थिति में त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना है, ताकि आम नागरिकों की सुरक्षा में कोई चूक न हो।

मौसम प्रदेश में दिन में औसतन 3 डिग्री और रात में 4 डिग्री तक कमी आई

आंधी-बारिश का सेटहो रहा पैटर्न, तापमान गिर रहा पर धूप और उमस ने बेहाल किया

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

राजधानी सहित अधिकांश जिलों में मई महीने की शुरुआत से ही मौसम बदला हुआ है। यह क्रम अगले दो से तीन दिन और रहेगा। लगातार 5 दिन बदले मौसम के बीच अब बारिश और आंधी का पैटर्न सेट हो रहा है। इससे तापमान में गिरावट आ रही है, लेकिन तेज धूप और उमस लोगों को परेशान कर रही है। मंगलवार को भी प्रदेश में तापमान गिरावट दर्ज हुई है। प्रदेश में दिन में औसतन 3 डिग्री और रात में 4 डिग्री तक कमी आई है। नीमच में पारा 3 डिग्री गिरकर सामान्य से 9.1 डिग्री कम रहा है। यह प्रदेश में सबसे कम

भोपाल में पारा 3.2 डिग्री गिरकर 37.2 डिग्री दर्ज

प्रदेश में सामान्य से 9 डिग्री तक नीचे पहुंचा तापमान

पारा है। भोपाल में 3.2 डिग्री गिरकर 37.2 डिग्री दर्ज हुआ है। यह नॉर्मल से 3.9 डिग्री कम है। अलगाव सिस्टम सक्रिय होने से मौसम में बदलाव बना रहेगा। इससे तापमान कुछ कम रहेगा। इसके बाद गर्मी बढ़ेगी, लेकिन 10 मई को नया पश्चिमी विक्षोभ आने से मौसम में फिर बदलाव होगा। प्रदेश में अब धीरे-धीरे मौसम में बदलाव का पैटर्न सेट होने लगा है। मंगलवार को देर शाम तक सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी, अनूपपुर, उमरिया, शहडोल, श्योपुर, भिंड में आंधी-बारिश और कुछ जगह ओले गिरे। सुरेना, दतिया, छतरपुर, सीधी में भी मौसम बदला रहा। वहीं, पिछले 24 घंटे में करीब आधे से अधिक प्रदेश में आंधी-बारिश और नीमच, मंदसौर, टीकमगढ़, विदिशा, सागर, रीवा, सीधी और सिंगरौली जिलों में ओले गिरे हैं।

आज यहां आंधी-बारिश

गुरुवार तक भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, नर्मदापुरम, बैतूल, बड़वानी, धार, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां, रीवा, सतनगंज, सतना, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट, पन्ना, सागर, बैहर, चांदूर्ण में आंधी के साथ बारिश होगी। हरदा, बुरहानपुर, इंदौर, देवास, शाजापुर, अनुपपुर, उमरिया, डिंडोरी, कटनी, जबलपुर, मंडला, दमोह में भी तेज हवाओं के साथ बौछारों की उम्मीद है। खंडवा, खरगोन, दतिया, सिंगरौली, सीधी, शहडोल, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी में ओले गिर।

जनसुनवाई में कलेक्टर को 'बिकाऊ' कहने पर पिता-पुत्र गिरफ्तार, 6 घंटे बाद जमानत

डीआर संवाददाता॥ खंडवा

खंडवा में मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान एक किसान पिता-पुत्र द्वारा हंगामा करने का मामला सामने आया। छैगांवमाखन क्षेत्र के बकरुड गांव निवासी रामनारायण कुमरावत और उनके बेटे श्याम कुमरावत ने कलेक्टर ऋषभ गुप्ता के सामने जमीन विवाद का मुद्दा उठाया। इस दौरान आक्रोशित होकर उन्होंने अधिकारियों को 'बिकाऊ' कह दिया, जिससे सभागार में अफरा-तफरी मच गई।

स्थिति बिगड़ने पर सुरक्षाकर्मियों ने हस्तक्षेप कर दोनों को बाहर किया और बाद में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सिटी मजिस्ट्रेट के

अनुसार, दोनों के व्यवहार से सार्वजनिक शांति भंग हो रही थी, इसलिए कार्रवाई की गई। अधिकारियों ने बताया कि जेल में दोनों सुरक्षित थे।

घटना के करीब 6 घंटे बाद रात में पिता-पुत्र को जमानत पर रिहा कर दिया गया। इस कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धरना भी शुरू कर दिया है, जिससे मामला और गरमा गया है।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 05 – 2083 सीहोर, दिन बुधवार, दिनांक 06 मई 2026

किसान परेशान

आरोपियों पर कार्रवाई नहीं की तो बजरंग दल लेगा बड़ा एक्शन: शर्मा

गौवंश की हत्या और गौ चमड़े का व्यापार करने वालों के मकानों पर चलाया जाए

डीआर संवाददाता-सीहोर

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के प्रांत और जिला पदाधिकारियों ने प्रशासन द्वारा गौ परिवहन, गौ हत्या, गोमांस का विक्रय और गौमाता के चमड़े से संबंधित आरोपियों व्यापारियों पर सख्त कार्रवाही नहीं किए जाने को लेकर कड़ा आक्रोश बना हुआ है। विहिप के मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ नैतिक शिक्षा प्रमुख सुनील सुन्दर शर्मा के नेतृत्व में प्रांत प्रमुख गोपाल सोनी, प्रांत गौसेवा उपाध्यक्ष अजीत सुखवा, प्रांत सहसंयोजक दल सोनी सदस्य विवेक राठौर, विभाग संगठन मंत्री मानू सिंह राजपूत, विभाग सहमंत्री मोहन भाटी, जिला अध्यक्ष रेवाशंकर लाल, जिला सहमंत्री कन्हैया कुशवाहा, जिला संयोजक प्रभाष मेवाड़ा, जिला धर्म प्रचार प्रसार प्रमुख जगदीश कुशवाहा ने गंगलवार को कलेक्टर बालगुरू से मिलकर मांग रख दिया।

विहिप ने गौवंश की हत्या करने वालों और गौ चमड़े का अवैध व्यापार करने वालों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून की धारा लगाकर निरुद्धारा करने और उनके मकानों दुकानों पर बुलडोजर चलाने की मांग की। विहिप ने कहा कि आठ दिनों के अंदर अगर प्रशासन आरोपियों पर कार्रवाही नहीं करता है तो बजरंग दल स्वयं ही आरोपियों पर कड़ा एक्शन लेगा।

विधानसभा उप निर्वाचन 2024

अल्फा प्रोटीन चमड़ा फैक्ट्री को बंद कराया जाए

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल और सकल हिंदू समाज ने जिला प्रशासन को अत्यंत गंभीर, संवेदनशील एवं जनभावनाओं से जुड़े विषय को लेकर कड़ा कि जन्मा क्षेत्र में स्थित बुचड़खाने के पास गौमाता के गोमांस एवं चमड़े को मैनेज के उद्देश्य से गौ मास को निर्मल तरीके से काटा गया, जिसकी सूचना सकल हिंदू समाज को प्राप्त होते ही सकल हिंदू समाज में रोष की भावना उत्पन्न हो गया था लेकिन प्रशासन के द्वारा लोक कार्रवाही नहीं की गई। इसी प्रकार कांकडसेड़ा स्थित अल्फा प्रोटीन नामक चमड़ा फैक्ट्री में 27 अप्रैल को गौमाता के चमड़े के अवैध व्यापार की घटना सामने आई लेकिन चमड़ा फैक्ट्री के विरुद्ध भी प्रशासन के द्वारा कोई भी प्रतिकात्मक कार्यवाही नहीं की गई। फैक्ट्री संचालक आज भी अपनी फैक्ट्री उसी क्रम में संचालित होकर चला रहा है, फैक्ट्री के जिस हिस्से में उक्त गौमाता का चमड़ा पाया गया था उसको प्रशासन के द्वारा सील नहीं किया गया।

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की है कि गौमाता के चमड़े, गोमांस, गौमाता का परिवहन करने वाले वाहन को जब्त कर उसका रजिस्ट्रेशन निरस्त किया जाये और

बूचड़खानों व चमड़ा व्यापार पर हो कार्रवाही

अवैध रूप से संचालित बुचड़खानों एवं चमड़ा व्यापार से जुड़े नेटवर्क की पहचान कर उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही की जाए। गाय काटने वाले एवं गोमांस शरीरने वालों के मकान व दुकान चिन्हित किए जाएं एवं उन पर बुलडोजर चलाकर तोड़े जाने की कार्रवाही की जाए। वाहन को राजसात किया जाए। गौमाता को काट कर गोमांस कहा–कहा दिया गया ऐसे खरीदने व बेचने वाले दोषी व्यक्तियों पर कठोर कार्यवाही की जाए और उन सभी व्यक्तियों के विरुद्ध प्रतिकात्मक कार्यवाही कर उनकी दुकानें सील की जाएं।

जिन–जिन दुकानों पर गोमांस की सप्लाई की गई उन्हें चिन्हित किया जाकर उन दुकानों के पास खाद्य विभाग की परमिशन है या नहीं जांच की जाये और उक्त दुकानों को निरस्त कर उन दुकानों को तोड़ा जाये एवं दुकानदारों पर पशुता की कार्यवाही की जाये।

गौमाता के परिवहन, गोमांस, गौहत्या एवं गौमाता के चमड़े के व्यापार में जो–जो व्यक्ति लिप्त हैं उन सभी व्यक्तियों के मकानों को चिन्हित कर मकान तोड़े जाएं एवं साथ ही इन सभी लोगों के विरुद्धात्मक पशुता की कार्यवाही की जाए।

चलती बाइक से ट्रक पर चढ़ा कंजर, तिरपाल हटाई और बॉक्स नीचे फेंके

डीआर संवाददाता-सीहोर

जिले के आष्टा क्षेत्र में इन दिनों ट्रक लूटने की वारदातें तेजी से बढ़ रही हैं। आष्टा–शुजालपुर मार्ग पर मेला जोड़ के पास ट्रक लूटने का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो गेहरवा साईड आष्टा–शुजालपुर छ–[illegible] पर चलती ट्रक से सामान चोरी का मामला बताया जा रहा है। जिसमें बिना नंबर की बाइक पर सवार तीन नकाबपोश बदमाशों ने तेज रफ्तार ट्रक का पीछा किया। एक बदमाश चलती बाइक से ट्रक पर चढ़ गया। उसने रस्सी काटी। तिरपाल हटाई। महज दो मिनटों में दो बॉक्स नीचे फेंक दिए। इसके बाद आरोपी चलते ट्रक से उतर गए। सामान समेटा। साथ निकले। ट्रक के पीछे चल रहे वाहन चालकों ने घटना का वीडियो बना लिया। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो दो तीन घंटे का बताया जा रहा है। पुलिस ने किसी भी शिकायत से इनकार किया है। चोरी वाला इलाका हरिसिंह पलासर ने कहा कि मेला जोड़ के पास ट्रक लूटने को लेकर कोई भी शिकायत अभी तक नहीं आई है। आष्टा क्षेत्र में अधिकतर वारदातें कंजर समुदाय के बदमाशों के गिरोह के बदमाशों के नामजद आष्टा क्षेत्र में अधिकतर वारदातें कंजर समुदाय के बदमाशों के नाम आई जाती हैं। कुछ साल पहले रात में ट्रक से सामान चुराने के लिए कंजीन करने वाले कंजर की मौत की घटनाएं सामने आई थीं। पेशेवर और अपराधी के बीच अपना की तरह से अब वे ट्रक पर कंजर समुदाय के बदमाश सक्रिय थे। तिरपाल काट रहे थे। बीच में अगर किसी के तार पर ध्यान नहीं गया। गोविंद पिता नारायण कंजर 28ट्क से दूसरा पैकेट भी नीचे फेंका और विजेंद्र पिता चंदर सिंह 30 निवासी मथोपुर तार में उलझे। ट्रक के नीचे गिर गए। दोनों गंभीर घायल हुए। शुजालपुर अस्पताल से वहां सम्म रोगियों की मौत हो गई थी। जिसके को गंभीर चोट के कारण भोपाल रेफर किया गया था।

न्यूज गैलरी

बिजली कटते ही घर के सामने से बाइक चोरी

अहमदपुर। कस्बे में सोमवार शाम करीब 7:30 बजे अशोक साहू के घर के सामने खड़ी मोटरसाइकिल अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। अशोक साहू ने बताया कि वह शाम को बाइक घर के सामने खड़ी कर बाजार चले गए थे तभी दौरान बिजली कट गई।

चारों तरफ अंधेरा हो गया। अंधेरे का फायदा उठाकर बदमाश बाइक लेकर फरार हो गए। अशोक लौटे तो बाइक गायब मिली। आसपास तलाश की। कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी।

40 साल की बेदाग सेवा के बाद हुए सेवानिवृत्त

भैरूंदा। तहसील कार्यालय के सभागृह रामस्वरूप पंवार 30 अप्रैल को शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त हो गए। इस मौके पर कार्यालय में विदाई समारोह हुआ। साथियों ने उनके अनुशासन और निष्ठा को याद किया। भावभीनी विदाई दी। रामस्वरूप पंवार ने शासकीय सेवा 3 जनवरी 1985 को शुरू की थी। करीब 40 साल के करियर में उन्होंने गर्मदापुरम और नर्मदापुरम और भैरूंदा एसडीओ कार्यालय में सेवाएं दीं। सहकर्मियों के मुताबिक चार दशकों में उनके खिलाफ कभी शिकायत नहीं आई। कोई विवाद नहीं हुआ।

67,503 परिवारों को मिला नल कनेक्शन, जलसंकट से निपटने के प्रयास

सीहोर। जिले में गर्मी के चलते भू–जल स्तर गिरने से करीब 10 हैंडपंप बंद हो गए हैं। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग के कंट्रोल रूम में अब तक 347 शिकायतें मिलीं, जिनमें से 313 का निराकरण किया जा चुका है। विभाग ने 165 हैंडपंपों में 594 मीटर पाइपर पाइप बढ़ाकर उन्हें चालू किया है, जबकि 39 स्थानों पर सिंगल फेज मोटर लगाई गई हैं जिले में अब तक 67,503 परिवारों को नल कनेक्शन दिए जा चुके हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति को बेहतर बनाने के प्रयास जारी हैं।

मृत महिला के नाम पर 7 महीने बाद बीमा चालू, प्रीमियम कटा

डीआर संवाददाता-सतकगुरु

बैंकिंग व्यवस्था और बीमा प्रक्रिया पर सवाल खड़े करने वाला एक मामला सामने आया है। रेहटी निवासी पान व्यवसायी राधेश्याम मंत्री की पत्नी छाया बाई मंत्री का लंबी बीमारी के बाद 29 जनवरी 2025 को निधन हुआ था। आरोप है कि निधन के महीनों बाद उनके नाम पर प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत बीमा सक्रिय कर दिया गया। खाते से प्रीमियम की पहली किस्त भी काट ली गई।

पीड़ित परिवार के मुताबिक 20 सितंबर 2025 को बैंक खाते से प्रीमियम कटने का मोबाइल पर संदेश आया। तब परिवार को पूरे मामले की जानकारी हुई। इसके बाद परिवार ने संबंधित बैंक शाखा से संपर्क किया। आपत्ति दर्ज कराई। राधेश्याम मंत्री ने कहा यह भावनाओं और सम्मान के साथ मजाक है। टारगेट के चलते किसी का भी उठा कर बीमा कर देते हैं। न्याय नहीं मिला तो न्यायालय जाकर बैंक ऑफ इंडिया की रेहटी शाखा के मैनेजर शैलेश शुक्ला के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेंगे।

रौ कहना है निकम

बीमा और बैंकिंग मामलों के जानकार विशेषज्ञों ने कहा कि किसी भी जीवन बीमा योजना में ग्राहक की पहचान, नॉमिनी स्थिति, जरूरी दस्तावेजों का सत्यापन अनिवार्य है। बीमा शुरू होने से पहले आवेदक के हस्ताक्षर जरूरी हैं।

सीहोर में वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़, तीन आरोपी गिरफ्तार्य 10 लाख के वाहन बरामद

डीआर संवाददाता-सीहोर

सीहोर पुलिस ने वाहन चोरी करने वाले एक सक्रिय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए बड़ी कार्रवाई की है। इस दौरान पुलिस ने गिरोह के सरगना सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से करीब 10 लाख रुपए कीमत के चोरी किए गए वाहन बरामद किए। यह गिरोह कोतवाली, मंडी, इशाक, पार्वती, सुजालपुर, अकोदिया और बरलाईपाल थाना क्षेत्रों में सक्रिय था।

मामले का खुलासा तब हुआ जब भोपाल नाका निवासी पेंग राव ने 29 अप्रैल को कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि मुरती नाका रोड स्थित रोड के पीछे से उनका सोनालिका ट्रैक्टर ट्रॉली सहित चोरी हो गया था। पुलिस ने शिकायत के बाद जांच शुरू की और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। जांच के दौरान एक संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसने उसने अपने साथियों के साथ मिलकर चोरी की वारदात करना स्वीकार किया।

उसकी निशानदेही पर पुलिस ने अन्य दो आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया।

आरोपियों की जानकारी के आधार पर चोरी हुआ ट्रैक्टर–ट्रॉली भोपाल के भौरी क्षेत्र से बरामद किया गया। पुलिस ने एक ट्रैक्टर, दो ट्रॉली, एक कार और एक मोटरसाइकिल जब्त की है।

गिरफ्तार आरोपियों में पवन चौरिया उर्फ लल्ला (22), कृष्ण गोस्वामी (19) और रोहित शर्मा (25) शामिल हैं, जो संगठित तरीके से वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे थे। पुलिस अब गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है।

सीहोर हबीबनगर गांव में खेत के टप्पर में आग, 2 लाख का सामान जला

डीआर संवाददाता-सीहोर

जिले के बैरूंदा क्षेत्र के हबीबनगर गांव में खेत में बने टप्पर में आग लगने से किसान को भारी नुकसान उठाना पड़ा। अज्ञात कारणों से लगी आग ने देखते ही देखते किसान रूप ले लिया और टप्पर में रखा कृषि सामान जलकर राख हो गया।

जानकारी के अनुसार ग्राम हबीबनगर निवासी किसान रामकृष्ण मालवीय के खेत में बने टप्पर में अचानक आग लग गई। गर्मी और तेज हवा के कारण आग तेजी से फैलने लगी। आसपास के खेतों में काम कर रहे किसानों और ग्रामीणों ने धुआं और आग की लपटें देखकर तुरंत मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया।

ग्रामीणों ने तालाब दिखाते हुए दमकल विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक टप्पर में रखा कृषि उपकरण और अन्य जरूरी सामान पूरी तरह जल चुका था।

पीड़ित किसान रामकृष्ण मालवीय के अनुसार इस घटना में उन्हें करीब 2 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। किसान आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी

दीवड़िया गांव में ग्रामीणों की सतर्कता से चोरी की कोशिश नाकाम, दो आरोपी पकड़े

डीआर संवाददाता-सीहोर

इछावर तहसील के दीवड़िया गांव में मंगलवार रात ग्रामीणों की सतर्कता से चोरी की बड़ी वारदात टल गई। गांव के मांगलिक भवन में चोरी की कोशिश कर रहे दो आरोपियों को ग्रामीणों ने रंगे हाथों पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

जानकारी के अनुसार आरोपी जनरेटर का आर्मेचर, पानी की मोटर और दो पंखे चोरी करने का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान खेत से लौट रहे एक किसान की नजर उन पर पड़ी। उसने तुरंत सरपंच और अन्य ग्रामीणों को सूचना दी, जिसके बाद गांव में अलर्ट हो गया और बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए।

ग्रामीणों ने घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। उनके पास से जनरेटर का आर्मेचर, पानी की मोटर और दो पंखे बरामद किए गए। पकड़े जाने के बाद ग्रामीणों ने आरोपियों से पूछताछ की और आक्रोश में उनकी पिटाई भी कर दी। बाद में दोनों को उसी आर्मेचर से बांध दिया गया, जिसे वे चोरी करने की कोशिश कर रहे थे।

घटना की सूचना डायल 112 पर दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर थाने भेज दिया। ग्राम पंचायत की ओर से मामले में शिकायत दर्ज कराई गई है और पुलिस आगे की जांच में जुटी हुई है।

सत्याग्रह

प्रगणक ने केवल 05 दिन में पूरा किया कार्य, तहसीलदार ने किया सम्मानित

घर–घर जाकर मकान सूचीकरण का कार्य कर रहे हैं प्रगणक

डीआर संवाददाता-सीहोर

कलेक्टर श्री बालागुरु के. के निर्देशानुसार जिले में जनगणना 2027 के प्रथम चरण अंतर्गत मकान सूचीकरण का कार्य सुचारू रूप से संपादित किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधनी तहसील के शामीन चार्ज क्षेत्र में कार्यरत प्रगणक श्री दिनेश अहिरवार ने उत्कृष्ट कार्य कुशलता का परिचय देते हुए मात्र 05 दिनों में ही ग्राम जोनतला में मकान सूचीकरण का शत–प्रतिशत कार्य पूर्ण कर एक सराहनीय उपलब्धि हासिल की है। उनकी इस

प्रतिबद्धता, परिश्रम और कार्य के प्रति समर्पण भाव को देखते हुए बुधनी तहसीलदार श्री ललित सोनी द्वारा उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया।

प्रगणक श्री दिनेश अहिरवार द्वारा जोनतला में कम समय में शत–प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति न केवल अन्य प्रगणकों के लिए प्रेरणादायक है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि यदि जिम्मेदारी और समर्पण के साथ कार्य किया जाए तो निर्धारित समयसीमा के भीतर उत्कृष्ट परिणाम हासिल किए जा सकते हैं।

कलेक्टर ने नागरिकों से की जनगणना में सहयोग की अपील

जिले में जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण का कार्य 01 मई से 30 मई तक संपादित किया जा रहा है, जिसमें प्रगणक घर–घर जाकर मकान सूचीकरण का कार्य कर रहे हैं और निर्धारित प्रपत्रों में परिवारों की आवश्यक जानकारी एकत्रित कर रहे हैं। कलेक्टर श्री बालागुरु के. ने जिले के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे प्रगणकों को सही जानकारी दें और जनगणना में सहयोग करें। उन्होंने कहा है कि जनगणना के माध्यम से प्राप्त आंकड़े शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, संसाधनों के समुचित वितरण एवं विकास योजनाओं की बेहतर योजना निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनीं नागरिकों की समस्याएं

डीआर संवाददाता-सीहोर

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 57 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा,

आपसी विवाद, मेड़–रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, नल लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर सुश्री वंदना राजपूत, एसडीएम तनय वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 05 – 2083 सीहोर, दिन बुधवार, दिनांक 06 मई 2026

न्यूज गैलरी

सोराइटिक आर्थराइटिस के इलाज की नई सुविधा शुरू

सीहोर। सीहोर में सोरायसिस विशेषज्ञ इकाई के तहत अब सोराइटिक आर्थराइटिस के इलाज की सुविधा शुरू की गई है। यह पहल होम्योपैथिक महाविद्यालय भोपाल, एम्स भोपाल और केंद्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद के संयुक्त प्रयास से संचालित हो रही है। इस इकाई में रोग के कारण, पहचान और प्रभावी उपचार पर शोध किया जाएगा। मरीजों को होम्योपैथी पद्धति से बेहतर प्रबंधन और उपचार उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है।

सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की रीयल-टाइम निगरानी शुरू

सीहोर। प्रदेश में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की निगरानी अब गस्त पोस्ट के माध्यम से रीयल-टाइम की जाएगी। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग और एमपीयूआरईसी की इस पहल से पारदर्शिता और कार्य दक्षता में सुधार होगा। इससे सीवेज प्रबंधन की गुणवत्ता बेहतर बनेगी और समय पर निर्णय लेने में सुविधा मिलेगी। केंद्रीकृत मॉनिटरिंग से तकनीकी खामियों पर पूरा कार्यबोझ संभव हो सकेगी।

उर्दू माध्यम परीक्षा के आवेदन की तारीखें जारी

सीहोर। मध्यप्रदेश मदरसा बोर्ड ने 10वीं और 12वीं उर्दू माध्यम परीक्षाओं के लिए आवेदन तिथियां जारी कर दी हैं। क्रेडिट योजना के तहत शामिल छात्रों को अपनी अंकसूची का सत्यापन कराना अनिवार्य होगा। आवेदन प्रक्रिया, शुल्क संरचना और अन्य जानकारी बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट www.mpmadrasaboard.org पर उपलब्ध है। निर्धारित समयसीमा में आवेदन करना जरूरी है, ताकि छात्र परीक्षा में शामिल हो सकें।

8 मिनट में 200 सवाल हल कर 10 वर्षीय रौनक बना स्टेट चैंपियन

गैरतगंज। के 10 वर्षीय छात्र रौनक खंडेलवाल ने पुलीमास की 31वीं स्टेट लेवल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्टेट चैंपियन का खिताब जीता। उन्होंने 8 मिनट से भी कम समय में 200 गणितीय सवाल हल कर सभी को चौंका दिया। इंदौर में आयोजित इस प्रतियोगिता में 6,000 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में पुलीमास के चाइल्डर प्रोफेसर विनो थॉम ने रौनक को सम्मानित किया। इस उपलब्धि से सीहोर जिले का नाम रोशन हुआ है।

. श्रवण वास्तवार बने राष्ट्रीय विधि सलाहकार

सीहोर। राष्ट्रीय दिव्यांग कल्याण एवं विकास परिषद ने सीहोर के एडवोकेट श्रवण कुमार वास्तवार को राष्ट्रीय विधि सलाहकार नियुक्त किया है। परिषद ने उनके सामाजिक योगदान और समर्पण को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी। श्रवण अब दिव्यांगजनों के अधिकार, सम्मान और सशक्तिकरण के लिए कार्य करेंगे। नियुक्ति के बाद कोर्ट परिसर में उनका स्वागत किया गया। इस दौरान कई समाजसेवी, पत्रकार और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने उन्हें बधाई दी।

महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में निःशुल्क प्रवेश शुरू

सीहोर। सीहोर के शासकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में अनुसूचित जाति, वर्ग की छात्राओं के लिए निःशुल्क प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। 10वीं पास छात्राएं कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग और मॉडर्न ऑफिस मैनेजमेंट शाखाओं में प्रवेश ले सकती हैं।

शिकायत

3 महीने बाद भी कार्रवाई नहीं, ईमानदार निष्ठावान कर्मचारियों का टूटा मनोबल

सिविल अस्पताल स्टाफ ने बीएमओ को शिकायत कर उठाई कार्रवाई की मांग

डीआर संवाददाता➥आष्टा

सिविल अस्पताल के आयुष्मान घोटाले को लगभग तीन महीने हो चुके हैं। लेकिन 46 लाख रुपए के आयुष्मान घोटाले के आरोपियों पर एफआईआर तो दूर की बात विभागीय कार्रवाई तक नहीं हुई।

सिविल अस्पताल में 46 लाख से अधिक के आयुष्मान घोटाले को लगभग हुए 3 माह से अधिक बीत चुके हैं लेकिन जिला प्रशासन या फ्रंट स्वास्थ्य विभाग ने आयुष्मान घोटाले को अंजाम देने वाले भ्रष्टाचारियों पर कोई ठोस कार्यवाही करने की जोहत तक नहीं उठाई है जिससे एक तरफ तो आयुष्मान घोटाले को अंजाम देने वाले आरोपी मेडीकल घूम रहे तो वहीं दूसरी ओर आरोपियों पर कार्यवाही नहीं होने से सिविल अस्पताल में निष्ठा और

ईमानदारी से कार्य करने वाले कर्मचारियों का मनोबल भी टूट रहा है। और तो और कार्यवाही के अभाव में मेडीकल माफिया रहे यह आरोपी अब धमकी देने से भी बाज नहीं आ रहे हैं ऐसे में अब सिविल अस्पताल के स्टाफ का भी सब्र का बांध टूट चुका है और अब स्टाफ ने हम आरोपियों पर कार्यवाही के लिए एक पत्र बीएमओ मेडिकल ऑफिसर को सौंपा है

कर्मचारी बोले, दोषियों पर हो कार्रवाई

किस कदर भ्रष्टाचार मस नस में फैल चुका है यह सिविल अस्पताल आष्टा के आयुष्मान घोटाले में देखने को मिल रहा है लगभग तीन महीने हो चुके हैं लेकिन 46 लाख रुपए के आयुष्मान घोटाले के आरोपियों पर एफआईआर तो दूर की बात विभागीय कार्यवाही तक देखने को नहीं मिली है वहा स्वास्थ्य विभाग की लापरवाह हो रही किरकिरी से स्वास्थ्य विभाग ने स्वास्थ्यपूर्ति करते हुए आरोपी प्रमोद पारगर को आष्टा सिविल अस्पताल से बिलविसंगाग मेजकर अपनी झूठी वाहवाही बटोरने का प्रयास कर रहा है और ऐसे में अब आरोपियों पर कार्यवाही नहीं होने सिविल अस्पताल के स्टाफ का मनोबल भी टूट रहा है जिससे वाले सिविल अस्पताल आष्टा में कार्य करने वाले कर्मचारियों और स्टाफ ने सीएमओ मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर अनिल माथुर को लिखित में एक आवेदन देते हुए बताया की हम कर्मचारीगण आपके संज्ञान में यह गंभीर विषय लाना चाहते हैं कि आयुष्मान योजना के अंतर्गत लगभग 46 लाख रुपये के घोटाले का मामला उजागर हुआ है इस प्रकरण में हमारे द्वारा अर्जित इंसेंटिव राशि, जिसे हमें नियमानुसार प्राप्त होना था, उसे प्रमोद पारगर फार्मासिस्ट एवं अन्य कर्मचारियों जगदीश नेवासा, एम ऐल वर्मा द्वारा राशि का गबन कर लिया गया है। और इन आरोपी की जांच भी पिछले 3 माह से चल रही है परन्तु उसका भी अभी तक कोई निष्कर्ष नहीं निकल पाया है इस कारण हम सभी कर्मचारियों को आर्थिक हानि का सामना करना पड़ रहा है तथा हमारे कार्य के प्रति मनोबल भी

आपातकालीन सेवा प्रभावित हुआ है।

हमने अपनी सेवाएं पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ प्रदान की है।लेकिन जो दलितवर्ग का गबन कर रहा था आरोपी, इंसेंटिव देने की उठाई गई सिविल अस्पताल के कर्मचारियों ने आगे यह भी बताया कि प्रमोद पारगर कम्प्यूटर ऑपरेटर की ड्यूटी नियमानुसार एक्स किरण केंद्र पर होना चाहिए थी परन्तु उनके द्वारा नियमों को दरकिनार करते हुए अपनी पोस्टिंग स्टोर शाखा में करवा ली गई जिससे उन्हें सभी लाभ के लिये लाभ प्राप्त होते रहे। उनके द्वारा सेवा काल अवधि में सभी कार्यक्रमों की राशि में हेराफेर किया जाना प्रतीत होता है जिससे हम सभी कर्मचारियों को उनके कार्यकाल में फ्रूटी, मस्कारूल एवं सेनी कल्याण समिति में भी सिविल हॉस्पिटल की अध्यक्ष है वहीं इन दोनों और कर्मचारियों ने अपनी प्रोमोशन राशि भी देने की मांग उठाई है।

राज्यपाल के नाम दिया किसानों हित में सौंपा चार सूत्रीय मांगों का ज्ञापन

डीआर संवाददाता➥सीहोर

किसानों के हित में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं के द्वारा प्रदेश व्यापी अभियान के तहत सब जिलाध्यक्ष द्विवेदी गौतम के नेतृत्व में राज्यपाल के नाम चार सूत्रीय मांगों का ज्ञापन तहसीलदार अमित सिंह को दिया गया।

मंगलवार को कलेक्ट्रेट में दिए गए ज्ञापन का वाचन सब जिला पदाधिकारी बाबूलाल गौतम के द्वारा किया गया। समाजवादी पार्टी द्वारा मुख्य रूप से किसानों के समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी में की जा रही गड़बड़ी को रोकने, समर्थन मूल्य पर किसानों की उपज उपलब्ध पूरी खरीदी जाने, किसानों को दी जा रही प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री कल्याण निधि और राहत राशि मांगों को देखते हुए किसान हित में बढ़ाई जाने, किसानों के प्रति बिजली विभाग द्वारा की जा रही मनमानी को रोकने, किसानों को बीमा राशि का भुगतान समय पर करने और बीमा राशि बढ़ाई जाने, जैसी सी लिमिट नहीं बैठ के बढ़ाई जाने की मांग की गई। सब जिलाध्यक्ष द्विवेदी गौतम ने कहा कि गेहूं खरीदी के लिए सरकार के द्वारा नए नियम बनाए जा रहे हैं जिस कारण किसान परेशान हैं। समर्थन मूल्य पर किसानों की पूरी उपज नहीं खरीदी जा रही है। महंगाई को देखते हुए किसान हित में सरकार निर्णय ले। किसान बहुत परेशान चल रहा है, आए दीन-दीनानाथ की दिक्कत हो रही है। किसानों को जो सिंचाई बिजली बिल दिया जा रहा है उसमें अत्यधिक वृद्धि कर दी गई है। किसानों के साथ बिजली विभाग द्वारा मनमानी की जा रही है। इनकी ट्रान्सफोर्मर बंद कर दिया जाए और किसानों को बिजली बिल कम किए जाना चाहिए। किसानों को पीक राशि का भुगतान भी समय पर नहीं हो रहा है और बीमा राशि बहुत कम की जा रही है। बीमा राशि बढ़ाई जाना चाहिए। किसानों की सभी समस्याओं का निराकरण कराया जाना चाहिए मांग पूरी नहीं होने पर सपा प्रदेश में बड़ा आंदोलन करेगी। प्रदर्शन में बीकेयू नारायण, मिथिलेश मौर्य, आलोक सिंह, मोल सिंह, विक्रम, मुकेश बाबूलाल मालवीय, हरदास, मोतीलाल, सतेश, नारायण सिंह, बाबूलाल सहित बड़ी संख्या में किसान और सपा कार्यकर्ता शामिल थे।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह-निकाह योजना 200 जोड़े दांपत्य सूत्र में बंधेंगे

डीआर संवाददाता➥सीहोर

सामाजिक समरसता और जनकल्याण की पहल के तहत मुख्यमंत्री कन्या विवाह निकाह योजना में 7 मई को नगर के श्री बाबा ब्रह्म गुफ्फरी ग्राउंड पर सामूहिक विवाह सम्मेलन होगा। आयोजन में 200 जोड़े वैदिक रीति से बंधेंगे। कार्यक्रम के दौरान डॉ. मोहन यादव वर्चुअल माध्यम से नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देंगे। जबकि सीईओ अंकित व्यास ने बताया, योजना में 152 जोड़े वैदिक रीति-रिवाज से संपन्न होने के साथ साथ फेरे लेकर वैवाहिक जीवन की शुरुआत करेंगे। 18 जोड़े मुस्लिम समाज की परंपरा के अनुसार निकाह से विवाह कार्य में बंधेंगे शुक्रवार 7:30 बजे से शुरू होगा। तैयारियां तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

सीईओ व्यास ने बताया, सम्मेलन सामाजिक समरसता का प्रतीक है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए राहत है। शासन हर जोड़े में बधू के खाते में 49 हजार रुपए नकद आर्थिक सहायता देता है। इससे नवविवाही नए जीवन की शुरुआत कर सकेंगे।

जहानपुर नर्मदा घाट पर नदी अनुभूति कार्यक्रम, श्रमदान से दिया स्वच्छता संदेश

बुधनी। की जहानपुर नर्मदा घाट स्थित हनुमान मंदिर परिसर में मंगलवार को मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की प्रस्तुतकर्ता समिति ने नदी अनुभूति कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान ग्राम पंचायत लगातार जल संरक्षण और नर्मदा नदी की स्वच्छता पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में श्रमदान भी किया गया, जिसमें घाट परिसर की सफाई की गई। पूर्व सरपंच हरिसिंह मीणा, उप सरपंच मुकेश सराठे सहित कई जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अरोरा बोले: बंगाल की जीत मोदी की गारंटी व राष्ट्रवाद की विजय

डीआर संवाददाता➥सीहोर

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत का उत्सव सीहोर में भी उत्साह देखने को मिला। इस ऐतिहासिक सफलता पर खुशी जताते हुए पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा ने इसे राष्ट्रवाद की बड़ी जीत बताया है। अरोरा ने कहा कि बंगाल के परिणामों ने स्पष्ट कर दिया है कि देश की जनता का भरोसा सिर्फ और सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर है।कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जसपाल सिंह अरोरा ने कहा कि बंगाल

में चार दशक बाद लहराया भगवा इस बात का प्रतीक है कि अब देश में तुष्टीकरण की राजनीति के लिए कोई जगह नहीं बची है। उन्होंने कहा बंगाल का रण जीतना भारतीय राजनीति के लिए एक निर्णायक मोड़ है। यह जीत उन लाखों निस्वार्थ कार्यकर्ताओं के संघर्ष और बलिदान का परिणाम है,जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी बंगाल की धरती पर राष्ट्रवाद का झंडा थामे रखा। चाणक्य नीति और मोदी नेतृत्व का बंगाल अरोरा ने जीत का पूरा श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम किया।कार्यकर्ता नेतृत्व और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की चाणक्य नीति को दिया। उन्होंने कहा कि जिस तरह से श्री भाजपा ने बंगाल के कोने-कोने में आ अपनी पैठ बनाई, उसी का परिणाम आज है कि आज यहां भाजपा का शासन में स्थापित हुआ है।

अलगुरी कांटकर भाजपा जीत का स्वागत जसपाल सिंह अरोरा के एक साथ कार्यकर्ताओं ने इस जीत को कि केवल अनूठे अंदाज में मनाया। बंगाल की संस्कृति का सम्मान करते हुए जश्न के दौरान लोगों को वहां का प्रसिद्ध व्यंजन शालभुट्टी दिन बांटा गया। अरोरा ने कहा कि जीत बड़ी है, इसलिए इसका स्वाद भी विशेष खुशी अलग और

नेशनल लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के लिए प्रचार रथ रवान

डीआर संवाददाता➥सीहोर

प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री संजीव कुमार अग्रवाल ने आगामी 09 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत एवं विद्युत विशेष छूट के प्रचार-प्रसार के लिए जिला न्यायालय परिसर से प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके साथ ही उन्होंने विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों के साथ बैठक कर नेशनल लोक अदालत में विद्युत के अधिक से अधिक लंबित एवं प्री लिटिगेशन प्रकरणों के निराकरण के संबंध में चर्चा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

नेशनल लोक अदालत में विद्युत प्रकरणों में भारी छूट

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्रीमती स्वप्नील सिंह ने बताया कि शासन के ऊर्जा विभाग द्वारा विद्युत अधिनियम से संबंधित न्यायालय में लंबित व प्रि लिटिगेशन प्रकरणों के संबंध में छूट के निर्देश जारी किए गए हैं जिसके अनुसार न्यायालय में लंबित विद्युत अधिनियम के योग्य प्रकरणों में सिविल दायित्व में 20 प्रतिशत एवं नियमानुसार संपूर्ण ब्याज की छूट एवं प्री लिटिगेशन प्रकरणों में भी सिविल दायित्व में 30 प्रतिशत एवं नियमानुसार संपूर्ण ब्याज की छूट रहेगी। यह छूट केवल नेशनल लोक अदालत में समझौता करने पर सिविल दायित्व की राशि दस लाख रुपये तक के प्रकरणों में ही लागू रहेगी।

यह थे उपस्थित

इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय पेमा गंजवाई, जिला न्यायाधीश हेमंत जोशी, जिला न्यायाधीश स्मृतिसिंह ठाकुर, जिला न्यायाधीश एनके वर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दिनेश गुप्ता, विद्युत विभाग के उप महाप्रबंधक संजीव सिंह, जिला विधिक सहायता अधिकारी जीशान खान, जिला अभिभाषक संघ अध्यक्ष अनिल पारे, पैनल लॉयर्स, लीगल एड डिफेंस काउंसिल, न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

हवन से आत्मा संग वातावरण भी शुद्ध, कीट नष्ट होते हैं,पं. तिवारी

डीआर संवाददाता➥सीहोर

शहर के मुनीसपुर के पास श्री राधेश्याम विहार कॉलोनी स्थित मंदिर में चल रहे श्री शिव परिवार प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के दूसरे दिन यज्ञाचार्य पंडित राजीव तिवारी ने कहा कि हवन-यज्ञ से आत्मिक शुद्धि होती है।

वातावरण भी शुद्ध होता है। हवन व पूजा वातावरण की अशुद्धियां नष्ट करता है। हानिकारक कीट भी मरते हैं।

उन्होंने कहा कि कॉलोनी परिवार महोत्सव के तहत श्री लघु रुद्र यज्ञ करा रहा है। योग शरीर, मन, आत्मा को एक साथ लाता है। यज्ञ तन-मन के साथ वातावरण को भी शुद्ध रखता है। यज्ञ में दी गई आहुतियों से अग्नि प्रज्वलित होती है। धुआं पूरे वातावरण को शुद्ध रखता है। उन्होंने कहा कि नियमित योग करें। समय-समय पर घर में पूजा-अर्चना करें। हवन-पाठ भी करें। संस्कार मंच के संयोजक जितेंद्र तिवारी ने बताया कि श्री राधेश्याम विहार कॉलोनी परिवार पांच दिवसीय दिव्य महोत्सव करा रहा है। 8 मई को भंडारे का आयोजन होगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों से महोत्सव में शामिल होने की अपील की।

मां पार्वती धाम गोशाला के लिए दान, गोभक्तों के आहार हेतु जुटाया सहयोग

आष्टा। स्थित मां पार्वती धाम गोशाला में गोभक्तों के आहार के लिए समाजसेवियों ने सहयोग दिया। वरिष्ठ कपड़ा व्यवसायी सुरेश नामदेव ने 11,011 रुपए का दान गोशाला समिति को सौंपा, जिससे शासन के लिए भूसे का स्टॉक जुटाया जाएगा। गोशाला में 100 से अधिक गोभक्तों की देखभाल और उपचार किया जाता है। व्यवसायी गणेश सोनी और डॉ. भगवान दास शुक्ला ने भी एक-एक ट्रॉली भूसा भिजवाया। डॉ गायत्री देवी ने 1,100 रुपए और शैलेन्द्र मेहता ने अपने पिता की पुण्यतिथि पर 2,100 रुपए

धार्मिक

ग्राम महुआखेड़ी और रामाखेड़ी में जारी भव्य महोत्सव

महुआखेड़ी में सात दिवसीय विशाल एकादश कुण्डिय श्री रुद्र महायज्ञ शिव परिवार प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव किया जा रहा है

डीआर संवाददाता➥सीहोर

जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम महुआखेड़ी में सात दिवसीय विशाल एकादश कुण्डिय श्री रुद्र महायज्ञ शिव परिवार प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव किया जा रहा है। यहां पर सभी ग्रामीणों के सहयोग से भगवान शिव की विशेष पूजा अर्चना की जा रही है। यज्ञ संचालक 108 पंडित दुर्गाप्रसाद कटारे के मार्गदर्शन में सुबह यज्ञ में आहुतियां दी जा रही है। वहीं रामाखेड़ी में भी 80 जोड़े पूर्ण विधि-विधान से महायज्ञ में शामिल हो रहे है।

ग्राम महुआखेड़ी तकरीबन में मंगलवार को पूजन, हवन कथा एवं शिवअभिषेक का आयोजन किया गया। इस मौके पर यज्ञाचार्य पंडित दीपक शास्त्री, संत मोहनलाल आदि के सानिध्य में 51 जोड़ो ने सुबह आहुतियां दीं। इस संबंध में जानकारी देते हुए महायज्ञ के मुख्य यजमान सुरेश गाबर परमार ने बताया कि क्षेत्रवासियों के सहयोग से यहां पर विशाल एकादश कुण्डीय श्री रुद्रमहायज्ञ शिव परिवार प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। वही रात्रि को आठ बजे राजजीन रामलीला भक्त मंडल द्वारा रामलीला का मंचन किया जा रहा है। वैर रात्रि को रामलीला के संचालक महेन्द्र बैरागी की टीम ने भगवान के अनेक बाललीलाओं का वर्णन किया। भगवान राम के बोनेश बैरागी ने बताया कि यह लंबे समय से भक्ति करती हुए आ रहे है। रामलीला मंचन में रामजन्म की लीला दिखाई। रावण और अन्य राक्षसों के अत्याचार से कराह रही पृथ्वी को अत्याचार मुक्त करने के हेतु देवतागण भगवान विष्णु से अवतार लेने की प्रार्थना करते हैं। विष्णु अंतर्ध्यान होते हैं, बच्चों के रोने की आवाजें सुनाई देती हैं, खुशी का संगीत उभरता है। अगले दृश्य में रामजन्म के समाचार से राजा दशरथ सहित संपूर्ण अयोध्या में खुशी छा जाती है। भगवान राम के साथ तीनों भाइयों के जन्म लेते ही राजा दशरथ और प्रजा कौशल्या बड़े ही उत्साहित थे। अवध में चारों ओर बधाई गान गाए गए। कौशल्या जायो लल्ला, अवध में गयो हल्ला, अवध में जन्मे रघुराई, कौशल्या रानी दे दो बधाई। बाल स्वरूप भगवान राम से मिलने भगवान शंकर योगी का भेष बनाकर आते हैं और इसके बाद चारों भाइयों का नामकरण गुरु वशिष्ठ द्वारा किया जाता है।

कृष्णा ब्लास्टर ने गणेश टायर को 21 रन से हराया

डीआर संवाददाता➥सीहोर

शहर के बीएसबाई मैदान पर विमला देवी स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को खेले गए मैच में कृष्णा ब्लास्टर ने गणेश टायर को 21 रन से हराया। इस मैच में कृष्णा ब्लास्टर की ओर सुरेश भारती ने 30 गेंद पर 74 रन की विस्फोटक पारी खेली, वहीं उपकप्तान ने छह ओवर में मात्र 29 रन देकर चार विकेट हासिल किए। इस मौके पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अनुज तिवारी, कोषाध्यक्ष वीर वर्मा आयोजन समिति के आदर्श राय ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।पारले बल्लेबाजी करते हुए कृष्णा ब्लास्टर की टीम ने 20.2 ओवर में रन किंकेट खोकर 204 रन बनाए थे। इसमें सुरेश भारती ने 74 रन, अंशुल सक्सेना ने 16 रन, पारस शुक्ला ने 30 रन, उपकप्तान ने 31 रन, हार्दिक ने 19 रन की पारी खेली। वहीं गणेश टायर की ओर से गेंदबाजी करते हुए सोहम-राज कुशवाल ने तीन-तीन विकेट, अनुज पटेल, नमन, आदित्य अग्रवाल ने एक-एक विकेट हासिल किया।

डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ | ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष-05,2082 | विदिशा, दिन बुधवार,दिनांक 06 मई ,2026

न्यूज गैलरी

एसएटीआई पॉलिटेक्निक में प्रवेश के लिए आवेदन

विदिशा। 10वीं पास विद्यार्थियों के लिए एसएटीआई पॉलिटेक्निक कॉलेज में प्रवेश का सुनहरा अवसर उपलब्ध है। इच्छुक छात्र-छात्राएं तीन वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम के तहत सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, सीएसई, केमिकल एवं ऑटोमोबाइल ब्रांच में एडमिशन ले सकते हैं। प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन और काउंसिलिंग की प्रक्रिया 4 मई से 29 मई तक जारी रहेगी।

स्कूलों में समर कैंप शुरू, शुल्क मात्र 25 रुपए माह

विदिशा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन में जिले के सभी हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों में 1 मई से समर कैंप शुरू हो चुका है, जो 1 जून तक चलेगा। इसमें से स्पोर्ट्स, बैडमिंटन, कबड्डी और ऐसे जैसे खेलों के साथ पेंटिंग, स्केचिंग, आर्ट एंड क्राफ्ट एवं संगीत प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मात्र 25 रुपए शुल्क वाले इस कैंप का समय सुबह 7 से 9 बजे निर्धारित है।

7 मई को जागरूकता रैली, 9 मई को लोक अदालत

विदिशा। 9 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए जिला न्यायालय परिसर में विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के निर्देशन में 7 मई को सुबह 10:30 बजे प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा।

9 मई को होने वाली लोक अदालत के लिए कल निकलेगी रैली

विदिशा। शनिवार 9 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से जिला न्यायालय परिसर विदिशा में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के निर्देशन में शनिवार 7 मई की प्रातः 10.30 बजे प्रचार-प्रसार वाहनों को जिला न्यायालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। यह जागरूकता अभियान आमजन को नेशनल लोक अदालत के माध्यम, लाभ एवं त्वरित न्याय प्रक्रिया के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। प्रचार वाहन जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर लोगों को लोक अदालत के माध्यम से सुलह योग्य प्रकरणों के निराकरण के लिए प्रेरित करेंगे। नेशनल लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के प्रकरणों का आपसी सहमति से त्वरित एवं सरल समाधान किया जाता है, जिससे समय और धन दोनों की बचत होती है।

बस व ट्रेक्टर की टक्कर

विदिशा। उज्जैन से बस में सवार होकर गंजबासौदा जा रहे दुल्हन पक्ष से भरी बस लटेरी के पास ट्रैक्टर से टकरा गई। इस दुर्घटना में करीब आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं। यह हादसा मंगलवार की सुबह 7 बजे मधनखेड़ी चौराहे का है। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस में सवार करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए। एक्सीडेंट की जानकारी लगते हुए मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए लटेरी के शासकीय और निजी अस्पतालों में भर्ती कराया। पुलिस ने मामला दर्ज कर घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया।

वनभूमि पर अतिक्रमण: 10 हेक्टेयर जमीन मुक्त कराई व 2 हेक्टेयर पर रोकनी पड़ी

मुरवास में वनभूमि माफिया फकीर मोहम्मद ने बलपूर्वक अमले को रोका, नहीं चलाने दी पोकलेन

अभी कुछ वर्षों पूर्व ग्राम पंचायत मुरवास के तत्कालीन सरपंच संतराम बाल्मिकी की ट्रैक्टर से कुचलकर हत्या कर दी गई थी। इस प्रकरण में पुलिस ने फकीर मोहम्मद और उसके बेटों को आरोपी बनाया था। यह मामला कई दिनों तक सुर्खियों में रहा था। इस घटनाक्रम के बाद वन विभाग और वन विकास निगम के अफसरों द्वारा करवाए गए अतिक्रमण का मामला उजागर हो गया था।

मुरवास में खंती खोदकर वनभूमि को कराया जा रहा है मुक्त

डीआर संवाददाता ■ विदिशा

लटेरी तहसील अंतर्गत ग्राम मुरवास में वनभूमि पर अतिक्रमण हटाने की बड़ी कार्रवाई की गई। वन अमले ने पोकलेन मशीन से अतिक्रमण हटाते हुए जमीन को मुक्त करा लिया है। लेकिन जमाफिया फकीर मोहम्मद और उसके चार बेटों ने वन अमले की टीम को कार्रवाई नहीं करने दी और बलपूर्वक अतिक्रमण मुक्ति को रुकवा दिया।

वन गस्तकर्मियों द्वारा वादर के निर्देशन एवं वरिष्ठ अधिकारी उप्त लटेरी आरके सहायिका के नेतृत्व में आज दिनांक 5 मई को वन क्षेत्र बीट-359 में स्थित वन भूमि से अतिक्रमण मुक्त कराने की बड़ी कार्रवाई की गई।

की प्रक्रिया वन विभाग द्वारा विधिवत सूचना और नोटिस के उपरांत संपन्न की। प्रातः की गई थी। कार्रवाई के दौरान कुल 12 हेक्टेयर वन भूमि से अतिक्रमण हटाया जाना था, जिसमें से अब तक 10 हेक्टेयर भूमि को सफलतापूर्वक मुक्त करा लिया गया है। हीरालाल (मृत) यादव के मुताबिक शेष भूमि से बेदखली की कार्रवाई के दौरान ग्राम मुरवास निवासी फकीर मोहम्मद एवं उसके चार पुत्रों जान खान, फारूक खान, रिजवान खान एवं इमरान खान ने सामूहिक रूप से शासकीय कार्य में बाधा डालकर अवरोध उत्पन्न किया। इन व्यक्तियों द्वारा वरिष्ठ अधिकारी आरके सहायिका एवं अन्य राजस्वीय अमले के साथ आपत्ति जनक व अशालीन व्यवहार किया गया और स्पष्ट रूप से जान से मारने की धमकी दी गई। इस घटना से क्षेत्र की जनमानस में भय और शासकीय अमले की सुरक्षा पर प्रश्नचिह्न लगा पड़ा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए वन गस्तकर्मियों द्वारा वादर द्वारा पुलिस अधीक्षक विदिशा को पत्र प्रेषित कर सभी आरोपियों के विरुद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज कर सख्त वैधानिक कार्यवाही करने का अनुरोध किया गया है। वन विभाग ने साफ किया है कि शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने और वन भूमि पर अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध बीएनएस और भारतीय वन अधिनियम के अंतर्गत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध पहले भी कार्रवाई की जा चुकी है। विभाग के अधिकारियों के अनुसार वनभूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराने के लिए पहले कई बार नोटिस भेजकर मुक्त कराया जा रहा है। इसके बावजूद पहले भी कई बार कार्रवाई की गई

डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहिड़ा, तलेन | ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष-05,2083 | राजगढ, दिन बुधवार,दिनांक 06 मई ,2026

न्यूज गैलरी

बिजली कर्मचारी ट्रांसफर के लिए ऑनलाइन आवेदन करें

राजगढ़। बिजली कंपनी कर्मचारी तबादले के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। कंपनी ने आपसी तथा अन्य कारणों से स्वयं के व्यय पर स्थानान्तरण के लिये ऑनलाइन आवेदन की सुविधा प्रदान की है। उच्च महाप्रबंधक स्तर तक के अधिकारी कर्मचारी स्थानांतरण के लिये ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे।

म. प्र. मदरसा बोर्ड एएनजाम के आवेदन प्रक्रिया शुरू

राजगढ़। म.प्र. मदरसा बोर्ड द्वारा हाई स्कूल एवं हायर सेकंडरी (उर्दू माध्यम) परीक्षा आवेदन पत्र आमंत्रित करने की तिथियां का संशोधित कैलेंडर जारी किया गया है। छात्रों द्वारा ऑनलाइन आवेदन करने पर अपने जिले के जिला शिक्षा अधिकारी, मदरसा प्रभारी से ऑनलाइन आवेदन का सत्यापन कराकर निर्धारित तिथियों में म.प्र. मदरसा बोर्ड को भेजना होगा।

10वीं-12वीं की द्वितीय परीक्षा 7 मई से शुरू होगी

राजगढ़। प्रदेश में हाई स्कूल और हायर सेकंडरी की द्वितीय परीक्षा 7 मई से प्रारंभ हो रही है। माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी की द्वितीय परीक्षा वर्ष 2026 के प्रवेश-पत्र पोर्टल पर आपलोड कर दिए गए हैं। परीक्षार्थी वेबसाइट से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर प्राप्त कर सकते हैं।

संगठन का विस्तारक शक्ति केंद्रों पर नियुक्तियां कीं

पचोर। भारतीय जनता पार्टी मंडल पचोर में संगठन को मजबूत करने के लिए शक्ति केंद्रों पर नई नियुक्तियां की गई हैं। महामंत्री विकास पीसित ने सूची जारी कर प्रभारी, संयोजक व सह-संयोजकों की जिम्मेदारी सौंपी है। जारी सूची के अनुसार पचोर-01 में संजय तिवारी प्रभारी, शैलेन्द्र मालवीय संयोजक व दिनेश वर्मा सह-संयोजक बनाए गए हैं।

लाखाखेड़ी में किसान बैठक 10 मई को

सारंगपुर। क्षेत्र के किसानों की आवाज उठाने और उनकी ज्वलंत समस्याओं के समाधान के लिए किसान संगठन ने बैठक बुलाई है। बैठक 10 मई को ग्राम लाखाखेड़ी के हनुमान मंदिर परिसर में होगी। भारतीय किसान संघ के तहसील अध्यक्ष देवनारायण नागर ने बताया कि किसानों को दिनभर के काम से फुर्सत के बाद अपनी बात रखने में आसानी हो, इसलिए समय रात 8 बजे रखा गया है। उन्होंने कहा कि किसानों के सामने कई चुनौतियां हैं। इन पर सामूहिक चर्चा जरूरी है। रणनीति बनाना भी जरूरी है। बैठक में किसानों के हितों की रक्षा पर चर्चा होगी।

हाइवे पर प्रदर्शन : आरोप- समय पर स्कूल नहीं आते शिक्षक, 1 घंटे प्रदर्शन के बाद मिला आश्वासन

फिसड्डियों शिक्षकों को हटाने हाईवे पर हंगामा... बीईओ ने दिया लिखित आश्वासन-प्राचार्य को हटाएंगे

डीआर संवाददाता ✉ छापीहेड़ा,राजगढ़

जीरापुर विकासखंड के पीएमश्री-श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नांदनी में खराब परीक्षा परिणाम को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा सड़कों पर उतर आया। सोमवार को 100 से अधिक ग्रामीण छापीहेड़ा में फोर-लेनर स्टेट हाईवे पर बैठ गए और करीब एक घंटे तक हाईवे पर जाम लगा दिया। ग्रामीणों की मांग थी कि स्कूल में पदस्थ फिसड्डी शिक्षकों को हटाया जाए। प्रदर्शन के दौरान नारेबाजी की गई और स्कूल प्रबंधन पर अव्यवस्थाओं व कथित मनमानी के आरोप लगाए गए।

हाईवे जाम होने से यात्रियों को असुविधा प्रभावित हुई। संवाददाता की ओर से आने वाले वाहन कालबाबा मार्ग से गुजरे, जबकि जीरापुर की ओर से आने वाले वाहन नालखेड़ा रोड होकर छापीहेड़ा पहुंचे। इस दौरान यात्री बसों के साथ यात्रियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा।

पलेश-बैक के 27 अप्रैल को प्रदर्शन कर चुके हैं ग्रामीण: ग्रामीणों ने बताया कि 27 अप्रैल को भी इसी मुद्दे को लेकर प्रदर्शन किया गया था। उस समय भी स्कूल = प्रबंधन ने सुधार का आश्वासन दिया – था, लेकिन स्थिति में कोई बदलाव नहीं – आया। इसी कारण दोबारा बड़ी संख्या में ग्रामीणों को सड़कों पर उतरना पड़ा।

कलेक्टर के नाम ज्ञापन, ग्रामीणों का आरोप- समय पर स्कूल नहीं आते शिक्षक

ग्रामीणों ने तहसीलदार को कलेक्टर के नाम ज्ञापन देकर स्कूल के शिक्षकों और प्रबंधन पर कई आरोप लगाए। आरोप है कि शिक्षक समय पर स्कूल नहीं पहुंचते, जिससे पढ़ाई प्रभावित होती है। कक्षा 3री के छात्रों से शौचालय की सफाई करवाया गया, जिससे पढ़ाई प्रभावित हुई और इसका असर 10वीं के परिणाम पर पड़ा, जहां 48 में से 26 छात्र फेल हो गए। ग्रामीणों ने ये भी आरोप लगाया कि प्राचार्य व स्टाफ अभिभावकों से अभद्रता करते हैं। कुछ मामलों में अभिभावकों पर थाना बनाकर एफआईआर दर्ज कराने तक की बात कही गई। इसके अलावा स्कूल में अनुशासनहीनता, सुरक्षा व्यवस्था की कमी, अतिरिक्त शुल्क वसूली और शिक्षकों की नियमित उपस्थिति नहीं होने जैसी शिकायतें भी सामने आई हैं।

ये भी जानना जरूरी परीक्षा से चुका है जिला प्रशासन एक दिन पहले सोमवार को ही जिला प्रशासन फिसड्डी शिक्षकों की परीक्षा से चुका है। इस समीक्षा टेस्ट के दौरान शिक्षकों ने परीक्षार्थी की तरह टेबल-कुर्सी पर अलग-अलग बैठकर अपने विषयों के प्रश्न-पत्रों को हल किया है। बता दें कि जिला प्रशासन ने लम्बजीर रिजल्ट वाले शिक्षकों का वेतन रोक है, कई प्राचार्यों को पद से हटाया, दो शिक्षकों पर निलंबन की कार्रवाई की गई है।

जनिए . . बैठकमेंलिखित आश्वासन में लिए ये फैसले

1. स्कूल प्राचार्य को प्रभारी पद से मुक्त किया जाएगा, 2. स्कूल में सीसीटीवी कैमरे स्थानीय फंड से प्राचार्य के माध्यम से लगाए जाएंगे, 3. शाला की सुरक्षा के लिए नए गार्ड का प्रस्ताव परिषद कार्यालय को भेजा जाएगा, 4. स्थानांतरण नीति आने पर कम परिणाम वाले शिक्षकों का तबादला किया जाएगा, 5. शिकायतों की निष्पक्ष जांच के लिए कमेटी बनाई गई है।

अफसर पहुंचे, पर लिखित देने के बाद माने ग्रामीण

सूचना पर तहसीलदार रामप्रताप सिंह, विकासखंड शिक्षाधिकारी रामबाबू गतीदार और पुलिस बल मौके पर पहुंचे। अफसरों ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण अपनी मांगों पर अड़े रहे। ग्रामीणों का कहना था कि पहले भी आश्वासन दिए गए, लेकिन पालन नहीं हुआ, इसलिए इस बार लिखित दिया जाए। हंगामा बढ़ने पर बीईओ पाटीदार ने मौके पर ही पत्र लिखकर ग्रामीणों को दिया।

सड़कों पर अवैध स्पीड ब्रेकर बने खतरा कई हादसे, शिकायत पर कार्रवाई नहीं

डीआर संवाददाता ✉ ईसागढ़

ईसागढ़ से आरोकनगर जाने वाले मुख्य मार्ग पर विजयपुरा और बमनावर के पास बनाए गए स्पीड ब्रेकर अब लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रहे हैं। बिना किसी मानक और चेतावनी संकेत के बनाए गए इन ब्रेकरों के कारण अब तक कई हादसे हो चुके हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

स्थानीय लोगों के अनुसार इन स्थानों पर बने ब्रेकर न तो नियमानुसार हैं और न ही वहां कोई साइन बोर्ड या चेतावनी पट्टिका लगाई गई है। ऐसे में तेज रफ्तार या अनजान वाहन चालक अचानक ब्रेकर आने पर संतुलन खो देते हैं और दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। शासन के स्पष्ट निर्देश हैं कि कहीं भी अवैध तरीके से स्पीड ब्रेकर नहीं बनाए जाएं, और यदि आवश्यक हो तो उचित मापदंडों के अनुसार बनाकर वहां संकेतक बोर्ड अवश्य लगाए जाएं, ताकि वाहन चालकों को पहले से जानकारी मिल सके। लेकिन यहां इन नियमों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है।

इस मार्ग पर अब तक कई लोग घायल या विकलांग हो चुके हैं, जिनमें ईसागढ़ के गणेश लाल शर्मा और रामा खाल जैसे नाम भी शामिल हैं। इन घटनाओं के बावजूद प्रशासन की चुप्पी सवाल खड़े कर रही है। समाजसेवी कपिल शर्मा द्वारा 9 इस समस्या को लेकर कई बार संबंधित अधिकारियों को शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला, जमीनी स्तर पर कोई सुधार नहीं हुआ। मांग की है कि जल्द से जल्द इन अवैध ब्रेकरों को हटाया जाए या फिर नियमानुसार सुधार कर वहां स्पष्ट चेतावनी संकेत लगाए जाएं।

जिला अस्पताल में अव्यवस्था उजागर, एसी खराब, पंखे गायब, निरीक्षण में खुली पोल

डीआर संवाददाता ✉ आरोकनगर

जिला अस्पताल में व्यवस्थाओं की अचानक मंगलवार को उस समय सामने आई, जब अपर कलेक्टर (एडीएम) मीएम सिंह ने औचक निरीक्षण किया। दोनी कल्याण समिति की बैठक के अगले ही दिन सुबह करीब 10 बजे पहुंचे एडीएम को अस्पताल में कई गंभीर खामियां मिलीं, जिस पर उन्होंने प्रबंधन को कड़ी फटकार लगाई।

निरीक्षण के दौरान सबसे खराब स्थिति एक्स-रे देखने को मिली, जहां एसी लगा था, तीन गले गायब मिले और एक पंखा टूटा हुआ पाया गया। अस्पताल के मुख्य गेट के पास भी पंखा नदारद मिला।

वार्डों में भी बदहाल व्यवस्थाएं मेल वार्ड में वाटर कूलर गंदा मिला, जबकि फीमेल और महिला जनरल वार्ड में कूलर और पंखे खराब पाए गए। भीषण गर्मी के बीच इन खामियों पर एडीएम ने नाराजगी जताते हुए निर्देश दिए कि मरीजों के दौरान वैकल्पिक गर्मी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

सफाई व्यवस्था पर फटकार: अस्पताल परिसर में साफ-सफाई की स्थिति भी संतोषजनक नहीं मिली। डस्टबिन की कमी पर एडीएम ने संख्या बढ़ाने और सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश दिए।

दवाओं की उपलब्धता संतोषजनक: निरीक्षण में दवाओं की स्थिति ठीक पाई गई। एडीएम ने बताया कि रेबीज इंजेक्शन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है और जरूरत पड़ने पर अन्य जिलों से भी मंगाए जा सकते हैं।

एडीएम ने स्पष्ट चेतावनी दी कि मरीजों की सुविधाओं और इलाज में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

चलती ट्रेन में सो रही महिला का मोबाइल चोरी, ब्यावरा जीआरपी जांच में जुटी

इंटरसिटी ट्रेन में चोरी, जीआरपी ग्वालियर में शून्य पर केस दर्ज किया

डीआर संवाददाता ✉ ब्यावरा

ब्यावरा इंदौर से ग्वालियर जा रही इंटरसिटी ट्रेन में यात्रा कर रही एक महिला का मोबाइल चोरी होने का मामला सामने आया है। पटना से बाद पहले जीआरपी ग्वालियर में शून्य पर केस दर्ज किया गया, जिसे बाद में जांच के लिए ब्यावरा जीआरपी को ट्रांसफर कर दिया है।

पुलिस के अनुसार सिंध जिले के ग्राम गोहन्दुर गोरवी निवासी नीलम लखरिया (उम्र) ग्वालियर इंटरसिटी के कोच एस 5 की सीट 64 पर 30 अप्रैल को यात्रा कर रही थीं। यात्रा के दौरान उन्हें नींद आ गई।

रात करीब 2 बजे जब उनकी नींद खुली तो उनका मोबाइल फोन गायब था। महिला ने आसपास तलाश की, लेकिन मोबाइल नहीं मिला। फरियादी ने बताया कि अज्ञात व्यक्ति उनके सोते समय मोबाइल चोरी कर ले गया। मामले में जीआरपी ग्वालियर ने शून्य पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

विवेचना के दौरान पटना स्थित ब्यावरा क्षेत्र का पाए जाने पर केस डायरी जीआरपी थाना ब्यावरा भेज दी गई है। ब्यावरा जीआरपी ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सूदखोरी से परेशान किसान ने जहर खाया, हालत गंभीर

डीआर संवाददाता ✉ राजगढ़

जिले के खिलचीपुर थाना क्षेत्र के रामगंज गांव के किसान बापूलाल लोकिया ने सूदखोरी और मारपीट से परेशान होकर मंगलवार को जहर खा लिया। परिजन उन्हें गंभीर हालत में खिलचीपुर सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

परिवार के अनुसार, बापूलाल ने करीब दो साल पहले गांव के ही जितेंद्र वर्मा उर्फ जीतू से 10 हजार रुपए उधार लिए थे। आरोप है कि आरोपी ने इस रकम पर अधिक ब्याज जोड़कर 50 हजार रुपए की मांग शुरू कर दी। जब बापूलाल पैसे लौटाने पहुंचे, तो आरोपी ने उनके साथ मारपीट की। परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि धमकी से बाध्यकर उनकी स्टाम्प ली गई।

लगातार दबाव, अपमान और मारपीट से आहत होकर बापूलाल ने यह कदम उठाया। पुलिस ने अस्पताल में पीड़ित के बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

राजगढ़ जिला अस्पताल में जटिल हाथ सर्जरी सफल, मरीज को मिली नई जिंदगी

डीआर संवाददाता ✉ राजगढ़

राजगढ़ जिला अस्पताल ने स्वास्थ्य सेवाओं में एक अहम उपलब्धि हासिल करते हुए जटिल हाथ सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। सारंगपुर निवासी 40 वर्षीय अरुण अंसारी, जो करीब डेढ़ साल पहले सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल गए थे, अब राहत महसूस कर रहे हैं। हादसे में उनके दाहिने हाथ की धमनियां मुड़ गई थीं, जिससे वे सामान्य कामकाज करने में असमर्थ हो गए थे।

आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वे बड़े शहरों में इलाज नहीं करा सके। बाद में उन्होंने जिला अस्पताल में पदस्थ सीनियर सर्जन डॉ. अंकुर देशवाली से संपर्क किया। डॉक्टर ने जांच के बाद सर्जरी का निर्णय लिया। ऑपरेशन के दौरान मुड़ी हुई उंगलियों को सीधा किया गया और पैर से त्वचा लेकर प्रभावित हिस्से पर सफलतापूर्वक प्रत्यारोपण किया गया।

यह पूरी सर्जरी निशुल्क की गई, जो इस उपलब्धि को और खास बनाती है। सर्जरी के बाद मरीज की हालत में तेजी से सुधार हो रहा है और वे धीरे-धीरे सामान्य जीवन की ओर लौट रहे हैं। सिविल सर्जन डॉ. रजनीश शर्मा के अनुसार, जिला अस्पताल में इस स्तर की जटिल सर्जरी संभवतः पहली बार सफलतापूर्वक की गई है, जो अस्पताल की बढ़ती चिकित्सा क्षमता का प्रमाण है।

पड़ाना में जीत का जश्न, पटाखे फोड़े, जुलूस निकाला

डीआर संवाददाता ✉ पड़ाना

परिसीमन बंगाल विधानसभा में भाजपा की जीत के बाद पड़ाना में कार्यकर्ताओं ने उत्सव मनाया। भाजपा जिला मंत्री व मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने ढोल बजे चौराहे पर पटाखे फोड़े और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की।

इसके बाद नगर के प्रमुख मार्गों से जुलूस निकाला गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाए। भाजपा जिला मंत्री मनोहर सिंह पलवार ने इसे केवल चुनावी जीत नहीं, बल्कि विकासपरक की विजय बताया। इस दौरान भाजपा जिला मंत्री मनोहर सिंह पलवार, मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र शर्मा, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष दिनेश पलवार, यशवंत भाटी, सतीश शर्मा, जामन पलवार, राजेश यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मौसम

गर्मी में बेमौसम 1.5 मिमी बारिश, पचमढ़ी के जैसा ठंडा हुआ राजगढ़

आज 50-60 किमी से हवाएं चलने का अलर्ट

डीआर संवाददाता ✉ राजगढ़

इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी के बीच राजगढ़ में मंगलवार की रात हिल स्टेशन पचमढ़ी जैसी ठंडी हो गई। पचरीले राजगढ़ और हिल स्टेशन पचमढ़ी का न्यूनतम तापमान एक समान 16 डिग्री सेल्सियस रहा।

सोमवार शाम जिले के पचोर, खिलचीपुर, जीरापुर, नरसिंहगढ़ और राजगढ़ में हुई हल्की से मध्यम बारिश के कारण यह स्थिति बनी। वहालत, मौसम विभाग ने पश्चिमी डिस्टर्ब और सक्रिय मौसमी सिस्टम के चलते 4 और 5 मई को प्रदेशके कई हिस्सों में तेज हवा, बजाघात और हल्की बारिश की संभावना जताई थी।

सोमवार को यह अनुमान सही साबित हुआ। दिनभर बादलों की आवाजाही के बाद शाम होते-होते मौसम बदला और तेज हवाओं के साथ जिले के कई स्थानों पर कहीं हल्की तो कहीं तेज बूंदाबांदी के साथ बारिश हुई। बारिश के कारण तापमान में तेज गिरावट शुरू हो गई। इस गिरावट से रात में मार्च जैसी गुनगुनी ठंड का अहसास हुआ और लोगों को गर्मी से राहत मिली। दिन में भी सुबह हल्की धूप के बाद बादल छाने से अधिकतम तापमान 37 डिग्री से ऊपर नहीं गया।

पिछले 5 वर्षों में 5 मई का तापमान ट्रेंड (भोपाल)

2026 रहा सबसे ठंडा		
न्यूनतम (°C)	अधिकतम तापमान	
2026	16.0	37.0
2025	22.0	36.1
2024	21.3	41.2
2023	20.4	39.4
2022	24.5	43.4
2021	24.6	40.3

मुख्य बात

पिछले 5 सालों में 2026 का 5 मई सबसे ठंडा दर्ज किया गया, खासकर न्यूनतम तापमान में गिरावट देखने को मिली।

सबसे ज्यादा बारिश पचोर में, ओले भी गिरे

सोमवार को जिले के लगभग सभी क्षेत्रों में बारिश और बूंदाबांदी की स्थिति रही। इस दौरान सबसे ज्यादा 6.0 मिमी बारिश पचोर में दर्ज की गई। जीरापुर और नरसिंहगढ़ में 2-2 मिमी तथा खिलचीपुर में 1 मिमी बारिश हुई। जिले में औसत 1.5 मिमी वर्षा दर्ज की गई। पचोर के कुछ हिस्सों में हल्की ओलावृष्टि भी हुई।

मौसम शुष्क, 50-60 किमी गति से हवाएं

मौसम केंद्र भोपाल की मौसम वैज्ञानिक दिव्या श्रीवास्तव के अनुसार बुधवार को पश्चिमी मध्यप्रदेश, सभी राजगढ़ जिले में मौसम शुष्क रहेगा और बारिश की संभावना नहीं है। हालांकि जिले के कई हिस्सों में 50 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। मंगलवार को प्रदेश में वेपांय शहर सबसे ठंडेक राजगढ़(पचमढ़ी-16.0 डिग्री, दमोह-64 डिग्री, नौगांव-18.5 डिग्री, टीकमगढ़-20.0 डिग्री।

पेयजल व्यवस्था पर सख्ती, 332 में से 325 नल-जल योजनाएं पूरी

डीआर संवाददाता ✉ राजगढ़।

जिले में भीषण गर्मी को देखते हुए पेयजल व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देश पर मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में नल-जल योजनाओं और जल आपूर्ति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत सीईओ डॉ. इकिहत गढ़वाले ने की।

समीक्षा में बताया गया कि जिले में संचालित 332 नल-जल योजनाओं में से 325 पूरी हो चुकी हैं, जबकि शेष योजनाओं में तकनीकी कार्य जारी है। कुछ गांवों में बिजली की, मौके पर निपटान कर "7 दिन के भीतर विस्तृत रिपोर्ट" प्रस्तुत करने को कहा गया है लंबित कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

बैठक में पाइपलाइन मरम्मत, लीकेज सुधार और सड़क मरम्मत जैसे कार्यों को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों को चेतावनी दी गई कि लापरवाही या देरी पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

गर्मी को देखते हुए जल संकट वाले गांवों में वैकल्पिक व्यवस्थाएं प्राथमिकता से सुनिश्चित करने और नियमित मॉनिटरिंग के जरिए आमजन को निर्बाध पेयजल उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया।